कक्षा -11

विषय लोक प्रशासन

समय:3 घंटे अधिकतम अंक 80

(I)सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii)प्रश्न संख्या 1 से 20 तक वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं, जिसमें बहुविकल्पीय एक या दो शब्दों/ वाक्यों वाले, रिक्त स्थान की पूर्ति वाले तथा अभि कथन (A)और कारण (R) वाले प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।

(iii) प्रश्न संख्या 21 से 29 तक अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न हैं। इनमें तीन प्रश्नों में आंतरिक चयन प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में से आपको दिए गए चयन में से केवल एक ही प्रश्न करना है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 40 से 50 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक हैं।

(iv) प्रश्न संख्या 30 से 35 तक लघु उत्तरात्मक प्रश्न हैं। इनमें से तीन प्रश्नों में आपको आंतरिक चयन प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में से आपको दिए गए चयन में से केवल एक ही प्रश्न करना है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 60 से 70 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के 4 अंक हैं।

(v) प्रश्न संख्या 36 से 38 तक निबंध आत्मक प्रश्न हैं। सभी निबंध आत्मक प्रश्नों में आंतरिक चयन प्रदान किया गया है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए ।प्रत्येक प्रश्न के 6 अंक हैं।

भाग -अ

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर अपने उत्तर पुस्तिका में लिखिए :

Q.1निम्न में से लोक प्रशासन का कौन सा दृष्टिकोण प्रशासनिक एवं गैर प्रशासनिक कार्यों में भेद करता है- 1

A)एकीकृत दृष्टिकोण

B)प्रबंधकीय दृष्टिकोण

Downloaded from www.cclchapter.com

C)उपर्युक्त दोनों

D)इनमें से कोई नहीं

Q.2 लोक प्रशासन का लक्षण नहीं है 1

A)जन उत्तरदायित्व

B)कानूनी एवं निष्पक्ष व्यवहार

C)एकाधिकार

D)स्वायत्तता

Q.3संविधान के किस अनुच्छेद में राज्यपाल पद की व्यवस्था की गई है।
1

A)अनुच्छेद 151

B)अनुच्छेद 152

C)अनुच्छेद 153

D)अनुच्छेद 154

Q.4'भारत का प्रशासनिक इतिहास' नामक रचना निम्न में से किस विद्वान द्वारा रचित की गई है?
1

A)वी.एन. पुरी

B)कौटिल्य

C)अबुल फजल

D)इनमें से कोई नहीं

Q.5 जिला स्तर पर सर्वोच्च पुलिस अधिकारी को कहा जाता है- 1

Downloaded from www.cclchapter.com

A)पुलिस अधीक्षक

B)उप पुलिस अधीक्षक

C)पुलिस इंस्पेक्टर

D)सब पुलिस इंस्पेक्टर

Q.6संगठन के मनाविक दृष्टिकोण का समर्थन निम्नलिखित में से किसने किया? 1

A)टेलर

B)हेनरी फेयोल

C)फिफनर एवं फिफनर

D(इनमें से कोई नहीं

Q.7 'उचित माध्यम' का संबंध है- 1

A) सत्ता

B)संगठन

C)पद- सोपान

D(नियंत्रण का क्षेत्र

Q.8 सामान्यतः भंग की गई नगर पालिका का कितने समय में चुनाव होना आवश्यक है- 1

A(4महीने

B)6महीने

C)1 वर्ष

D) 2 वर्ष

Downloaded from www.cclchapter.com

Q.9 पंचायती राज व्यवस्था त्रिस्तरीय ढांचे में ग्राम पंचायत व जिला परिषद के बीच की इकाई को क्या नाम दिया गया है- 1

A)पंचायत सभा

B)पंचायत समिति

C)जिला समिति

D)इनमें से कोई नहीं

Q.10 कोई विधेयक धन विधेयक है अथवा नहीं, इसका निर्धारण कौन करता है? 1

A)लोकसभा का अध्यक्ष

B)राज्यसभा का उपसभापति

C)उपराष्ट्रपति

D)प्रधानमंत्री

Q.11भारत में लोक लेखा समिति 1

A)लोकसभा अध्यक्ष के मार्गदर्शन में कार्य करती है

B)राज्यसभा के सभापति के मार्गदर्शन में कार्य करती है

C)राज्यसभा के उपसभापति के मार्गदर्शन में कार्य करती है

D)लोकसभा के उपाध्यक्ष के मार्गदर्शन में कार्य करती है

Q.12 जनसंपर्क का सामान्य अर्थ है- 1

(A)जनता का सरकार से संपर्क

B)सरकार का जनता से संपर्क

Downloaded from www.cclchapter.com

C)किसी संगठन एवं जनता के बीच संपर्क

D)इनमें से कोई नहीं

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक या दो शब्दों /वाक्यों में दीजिए:

Q.13 लोक प्रशासन का सर्वाधिक घनिष्ठ संबंध किस से है? 1

Q .14 संगठन के कितने प्रकार होते हैं? 1

Q.15 बजट के संबंध में संसद का कौन सा अंग शक्तिशाली है? 1

रिक्त स्थान की पूर्ति करें-

Q.16 पंचायती राज संस्थाओं के ...........स्तर स्थापित किए गए हैं। 1

Q.17हेनरी फेयोल ने संगठन के सिद्धांतों की संख्या .......... बताई है। 1

Q.18 भारत में केंद्रीय बजट का निर्माण .............करता है। 1

नीचे दो कथन दिए गए हैं जिनमें एक को अभि कथन (A) तथा दूसरे को कारण (R )द्वारा अंकित किया गया है। इन कथनों को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए विकल्पों (A), (B), (C)और (D) में से उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनिए।

Q.19 कथन : विकेंद्रीकरण से कार्य कुशलता में वृद्धि होती है। 1

कारण : भारत में शासन में विकेंद्रीकरण व्यवस्था को अपनाया गया है।

A) (A) और (R) दोनों सही हैं, तथा (A) की सही व्याख्या (R) है । B)(A) और (R) दोनों सही हैं ,तथा (A) की सही व्याख्या (R) नहीं है।

C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।

D) (A) गलत है ,लेकिन (R) सही है।

**Downloaded from www.cclchapter.com**

Q.20 कथन: स्थानीय शासन में महिलाओं के लिए 1/3 स्थान. 1 आरक्षित किए गए हैं।

कारण: जिला परिषद पंचायती राज संस्थाओं का एक स्तर नहीं है।

(A) (A)और (R) दोनों सही हैं, तथा (A) की सही व्याख्या (R) है।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (A ) की सही व्याख्या (R) नहीं है।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।

(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

भाग- ब

अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न

Q. 21 प्रशासन के कोई दो लक्षण या तत्व बताएं। 2

Q.22 निजी प्रशासन की कोई दो विशेषताएं बताएं । 2

अथवा

लोक प्रशासन का क्या अर्थ है?

Q.23 मुख्यमंत्री के कोई दो कार्य बताओ। 2

Q.24पद सोपान प्रणाली के दो गुण बताएं। 2

Q.25पर्यवेक्षण का क्या अर्थ है? 2

अथवा

Q.एक अच्छे पर्यवेक्षक के कोई दो गुण बताएं। 2

Q.26 विकेंद्रीकरण के दो हानियां बताइए। 2

अथवा

केंद्रीकरण के दो लाभ बताएं।

Q.27 लोक लेखा समिति के अध्यक्ष का चुनाव कैसे होता है? 2

Q.28 वित्त पर नियंत्रण करने के लिए संसद की कितनी समितियां. 2 होती हैं? नाम बताएं

Downloaded from www.cclchapter.com

Q29. लोक संपर्क स्थापित करने के किन्हीं दो साधनों का उल्लेख कीजिए।

भाग -स

लघु उत्तरात्मक प्रश्न

Q.30 लोक प्रशासन की महत्ता संबंधी कोई चार बातें लिखिए। 4

अथवा

प्रशासन के कोई चार लक्षण बताइए।

Q.31लोक प्रशासन कई मायनों में निजी प्रशासन से भिन्न है। इस. 4 संदर्भ में लोक प्रशासन एवं निजी प्रशासन में कोई चार अंतर दर्शाइए।

Q.32 भारत में राज्य प्रशासन की चार मुख्य विशेषताएं बताइए। 4

Q.33 राज्यपाल के पद पर नियुक्त होने वाले व्यक्ति में किन. 4 योग्यताओं का होना अनिवार्य है? बताएं।

अथवा

राज्यपाल के चार विधायी शक्तियों का वर्णन कीजिए।

Q.34 राज्य में मुख्यमंत्री की नियुक्ति कैसे की जाती है? उसके कार्यों का वर्णन करें।
4

Q.35 पंचायत समिति के चार कार्यों का वर्णन करें। 4

अथवा

ग्राम पंचायत की आय के साधन क्या हैं ?

भाग -द

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न

Q.36 लोक प्रशासन एवं कानून के बीच परस्पर संबंध को स्पष्ट. 6 कीजिए।

**Downloaded from www.cclchapter.com**

अथवा

राजनीति और प्रशासन, प्रकाश और छाया की भांति एक दूसरे के साथ-साथ चलते हैं। इस संदर्भ में लोक प्रशासन एवं राजनीतिक विज्ञान के संबंधों पर प्रकाश डालिए।

Q.37 एक जिले के प्रशासन में जिला पुलिस अधीक्षक की भूमिका का वर्णन कीजिए।
6

अथवा

“जिलाधिकारी जिला प्रशासन की आधारशिला है।“ इस परिप्रेक्ष्य में जिलाधीश की शक्तियों तथा कार्यों का वर्णन करें। 6

Q.38 लोक संपर्क से क्या अभिप्राय है ?इसके कार्यों का वर्णन कीजिए।

अथवा 6

लोक संपर्क क्या है? इसके मार्ग में आने वाली बाधाओं का वर्णन करो।

Downloaded from www.cclchapter.com